गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*
Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2026 / 1272 दिनांक : 31.07.2026

# विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) अध्यादेश को समान रूप से लागू किये जाने के संबंध में श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0 ई–7443 / 03–जी0एस0 / 2019 (TC) दिनांक 26.11.2020 में दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय कैम्पस तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सत्र 2025–26 की प्रथम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिका / पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र / छात्राओं को चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में दी गयी व्यवस्थानुसार निम्नानुसार द्वितीय चरण प्रारम्भ किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि | : | 01.08.2026 |
| आवदेन ऑनलाईन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | : | 04.08.2026 |

**:–चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के द्वितीय चरण का शुल्कः–**

इच्छुक छात्र / छात्रायें समर्थ पोर्टल पर लिंक **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** के माध्यम से चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के द्वितीय चरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) के द्वितीय चरण के लिए परीक्षार्थी को आवेदन शुल्क रु0 2500 / – (रु0 पच्चीस सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र ऑनलाईन जमा करना होगा।

**चुनौती मूल्यांकन (Challenged Evaluation) में प्राप्त अंक अन्तिम रूप से स्वीकृत होंगे और अंक पत्र में देय होंगे, चाहे वह मूल प्राप्तांकों से कम हो अथवा अधिक।**

यदि चुनौती मूल्यांकन में प्राप्त अंकों और मूल प्राप्तांकों में 20 प्रतिशत से अधिक का सकारात्मक अन्तर होता है, तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गये शुल्क रु0 2500 / – में से रु0 1000 / – (रु0 एक हजार मात्र) की धनराशि काटकर शेष धनराशि रु0 1500 / – (रु0 पन्द्रह सौ मात्र) परीक्षार्थी को वापस कर दी जायेगी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
2. वित्त अधिकारी, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
3. कुलसचिव, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
4. डॉ0 धर्मेन्द्र यादव, प्रभारी बेवसाइट, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।
6. डा0 सुनील कुमार पवार, नोडल आफिसर, समर्थ ई0आर0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी मूल्यांकन केन्द्र–राजकीय महाविद्यालय, मथाना, कांठ, मुरादाबाद।

परीक्षा नियंत्रक